# मध्य प्रदेश (राज्य सेवा) मुख्य परीक्षा–2018

## मॉडल पेपर-1

अनुक्रमांक/Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।
**Candidate Should write his/her Roll No. here.**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4
**No. of Printed Pages : 4**

**कुल प्रश्नों की संख्या : 3 + 3**
**Total No. of Questions : 3 + 3**

**M-2018-II**

**सामान्य अध्ययन**

**GENERAL STUDIES**

**द्वितीय प्रश्न-पत्र**

**Second Paper**

**समयः 3 घंटे** | **पूर्णांकः 300 (खंड-अ 150 + खंड-ब 150)**

**Time: 3 Hours** | **Total Marks: 300 (Part-A 150 + Part- B 150)**

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देशः**
**Instructions to the Candidates:**

इस प्रश्न-पत्र में **खंड-अ** एवं **खंड-ब** हैं। प्रत्येक खंड **150 अंक** का है।
This question paper consists of **Part-A** and **Part- B.** Each part carries **150 marks.**

1. प्रत्येक खंड में कुल **तीन** प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक **02** तथा **03** में आंतरिक विकल्प है। प्रश्न क्रमांक **02** में शब्द-सीमा **100** है तथा प्रश्न क्रमांक **03** में शब्द-सीमा **300** है।
   Each part of this question paper consists of **03** questions. All questions are compulsory. Question No. **02** and **03** have an internal choice. For Question No. **02** word limit is **100** words and for Question No. **03** Word limit is **300** words.
2. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिये जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। **सभी 03** प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ। परीक्षा में सामान्य कैलकुलेटर ही उपयोग में लिया जा सकता है, साइंटिफिक नहीं।
   Answers should be written in the medium which you have opted in your Application form. No marks will be awarded, if the answer is written in any other medium. All the three questions must be answered. Questions should be answered exactly in order in which they appear in the question paper. Answer to the various parts of the same question should be written together compulsorily and answer of other question should not be inserted between them. Simple calculator alone can be used in the exam, not the scientific one.
3. प्रथम प्रश्न अति लघुउत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
   The first question is of very short answer type consisting of 15 compulsory questions. Each one is to be answered in one or two lines.
4. जहाँ शब्द-सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
   Wherever word limit has been given, it must be adhered to.
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपांतरण में से अंग्रेज़ी रूपांतर मानक माना जाएगा।
   In case there is any error of printing or factual nature, then out of the Hindi and English versions of the question, the English version will be treated as standard.

## खंड-अ (Part–A)

**1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में दीजिये:** **15 × 3 = 45**

(A) 86वें संविधान संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में कौन-सा प्रावधान जोड़ा गया?

(B) ई-नगरपालिका क्या है?

(C) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के किन्हीं तीन कार्यों को लिखिये।

(D) मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की संरचना स्पष्ट कीजिये।

(E) 'ग्राम न्यायालय' को परिभाषित कीजिये।

(F) 74वाँ संविधान संशोधन किससे संबंधित है?

(G) संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष कौन थे?

(H) वर्ष 2000 में गठित नए राज्यों के नाम, तिथि, माह लिखिये।

(I) राष्ट्रपति की क्षमादान संबंधी शक्तियों के नाम लिखिये।

(J) बलवंत राय मेहता समिति का संबंध किससे था तथा उसने क्या सुझाव दिया था?

(K) भारतीय संविधान की पाँचवीं अनुसूची किससे संबंधित है?

(L) भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वित्तीय आपात का प्रावधान है तथा भारत में अभी तक कितनी बार वित्तीय आपात लगा है?

(M) मूल अधिकार तथा नीति-निदेशक सिद्धांत से संबंधित किन्हीं दो अंतरों को लिखिये।

(N) 'पंथनिरपेक्ष' शब्द को परिभाषित कीजिये।

(O) भारतीय संविधान में किन प्रावधानों को दक्षिण अफ्रीका के संविधान से लिया गया है?

**2. किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है:** **10 × 6 = 60**

(A) भारतीय संविधान की आवश्यकता क्यों है? स्पष्ट कीजिये।

(B) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

(C) असम में आप्रवासी समस्या से निपटने के संदर्भ में तैयार किये जा रहे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) की विवेचना कीजिये।

(D) संसद में बजट पारित होने के शुरुआती चार चरणों की विवेचना कीजिये।

(E) वर्तमान समय में 'साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' के चर्चा में रहने का मूल कारण क्या है तथा इसके महत्त्वपूर्ण बिंदु कौन-कौन से हैं? उल्लेख कीजिये।

(F) वर्तमान समय में चर्चा में रहे 'कापू आरक्षण विधेयक, 2017' का सविस्तार वर्णन कीजिये।

(G) भारत में मूल अधिकारों की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए मूल अधिकारों से असंगत या उनका अल्पीकरण करने वाली विधियों को समझाइये।

(H) संवैधानिक उपचारों के अधिकार से संबंधित उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की जाने वाली किन्हीं चार रिटों की विवेचना कीजिये।

(I) भारतीय संसद की कार्यवाही से संबंधित विश्वास प्रस्ताव, अविश्वास प्रस्ताव, निंदा प्रस्ताव तथा स्थगन प्रस्ताव को समझाइये।

(J) अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी कानून क्या है, इस कानून के प्रमुख स्रोत तथा उद्देश्य क्या हैं? सविस्तार वर्णन कीजिये।

(K) आर्थिक भगोड़ा अपराधी विधेयक, 2017 के चर्चा में रहने का मूल कारण क्या है तथा इससे संबंधित महत्त्वपूर्ण प्रावधान कौन-कौन से हैं? वर्णन कीजिये।

(L) 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की विवेचना कीजिये।

(M) राष्ट्रपति की सैन्य शक्तियों को स्पष्ट करते हुए राष्ट्रपति की वीटो शक्ति को समझाइये।

(N) केंद्र-राज्य प्रशासनिक संबंधों की विवेचना कीजिये।

(O) लोक व्यय पर संसदीय नियंत्रण की आवश्यकता पर प्रकाश डालिये।

**3. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है:** **3 × 15 = 45**

(A) सर्वोच्च न्यायालय ने किया 'न्यायिक समीक्षा' के दायरे का विस्तार, टिप्पणी करें।

**अथवा**

सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई की प्रक्रिया सार्वजनिक हुई। टिप्पणी करे।

(B) पंचायती राज संस्थाओं में चयनित महिलाओं के लिये क्या पहल की गई है?

**अथवा**

केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों का विश्लेषण कीजिये।

(C) क्या सूचना का अधिकार निजता के अधिकार का अतिक्रमण करता है? विवेचना कीजिये।

**अथवा**

विश्व व्यापार संगठन और भारत की खाद्य सुरक्षा पर चिंताएँ विषय पर लेख लिखिये।

## खंड-ब (Part–B)

**1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिये:** **15 × 3 = 45**

(A) 'बाल शक्ति योजना' क्या है?

(B) फ्रंट ऑर्गनाइजेशन से आप क्या समझते हैं?

(C) गहन मिशन इंद्रधनुष क्या है?

(D) सूचना का अधिकार क्या है?

(E) भारतीय समाज की 'वर्णाश्रम व्यवस्था' क्या है?

(F) 'मानवाधिकार' को परिभाषित कीजिये।

(G) 'मध्य प्रदेश राज्य मानव अधिकार आयोग' की संक्षिप्त चर्चा कीजिये तथा वर्तमान अध्यक्ष का नाम लिखिये।

(H) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा-13 में निहित प्रावधान को स्पष्ट कीजिये।

(I) हंटर सिंड्रोम क्या है?

(J) 'दीनदयाल समर्थ योजना' का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

(K) यूएनएड्स (UNAIDS) क्या है?

(L) 'यूनेस्को' के बारे में संक्षिप्त चर्चा कीजिये।

(M) आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम क्या है?

(N) वर्तमान समय में किन-किन सेवाओं को 'अखिल भारतीय सेवा' के रूप में जाना जाता है?

(O) सर्किट न्यायपीठ क्या है?

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिये:** **10 × 6 = 60**

(A) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रमुख प्रावधानों की चर्चा कीजिये।

(B) भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया 'न्यू इंडिया मूवमेंट' क्या है तथा इसके द्वारा प्रस्तुत भारत के समग्र विकास की रूपरेखा क्या है? सविस्तार वर्णन कीजिये।

(C) जेल में कैदियों की मृत्यु (अप्राकृतिक) के प्रमुख कारण कौन-से हैं तथा इसको रोकने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने क्या सुझाव दिये? वर्णन कीजिये।

(D) हाल ही में चर्चा में रहा 'तीव्र मिशन इंद्रधनुष' क्या है तथा इसका प्रमुख उद्देश्य एवं महत्त्वपूर्ण बिंदु कौन-कौन से हैं? सविस्तार वर्णन कीजिये।

(E) सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) को स्पष्ट कीजिये, साथ ही इसमें सम्मिलित प्रमुख टीकाकरण को समझाइये।

(F) एमडीआर (MDR) टीबी क्या है? एमडीआर-टीबी के मरीज़ों की समस्याओं की चर्चा करते हुए इसके प्रसार के कारणों का उल्लेख कीजिये।

(G) 'मिशन संपर्क' क्या है तथा इसकी वर्तमान स्थिति एवं प्रमुख चुनौतियाँ क्या-क्या हैं? मिशन संपर्क और समुदाय आधारित परीक्षण क्या हैं? सविस्तार वर्णन कीजिये।

(H) हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रारंभ किये गए 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए इसके महत्त्व को समझाइये।

(I) मानव अधिकार अधिनियम, 1993 के प्रमुख प्रभावों की विवेचना कीजिये।

(J) प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजना क्या है तथा इसकी आवश्यकता एवं संबंधित प्रमुख चुनौतियाँ कौन-कौन सी हैं? विवेचना कीजिये।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजियेः** **3 × 15 = 45**

(A) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख करते हुए दिव्यांगजनों के लिये संचालित की जा रही सरकारी योजनाओं की संक्षिप्त चर्चा कीजिये।

**अथवा**

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा-15(क) में पीड़ित और साक्षी के अधिकार का क्या प्रावधान किया गया? स्पष्ट कीजिये।

(B) पहली बार 'बाल यौन शोषण' के संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा जारी किये गए दिशा-निर्देश कौन-कौन से हैं? इससे होने वाले लाभ एवं भविष्य में होने वाले सकारात्मक बदलाव को समझाइये।

(C) 'कन्या श्री योजना' क्या है, इस योजना को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा चयनित किये जाने तथा संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा पुरस्कार से सम्मानित किये जाने का मूल कारण क्या है? सविस्तार वर्णन कीजिये।